



दैनिक

पटना, 02 जून, शुक्रवार, 2023

**श्री राहुल गांधी जी ने अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में 'नव वैश्विक संतुलन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित किया और बदलती विश्व व्यवस्था व भारत में कमजोर होते लोकतंत्र पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, "भारत में विपक्ष संघर्ष कर रहा है। संस्थानों पर भाजपा का कब्जा है। हम इससे लोकतांत्रिक तरीके से लड़ रहे हैं। हमने देखा कि कोई संस्थान हमारी मदद नहीं कर पा रहा तो हमने जनता के बीच जाने का फैसला किया और भारत जोड़ो यात्रा की।"**











**एक आरोपी को बचाने के लिए मोदी सरकार ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को लांघ दिया है। देश की बेटियां न्याय के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रही हैं लेकिन उनके साथ लगातार ज्यादती हो रही है।**

**पहलवानों के समर्थन में एक बार फिर राजधानी की सड़कों पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हल्लाबोल!**








## हटकेश्वर पुलः अहमदाबाद

यह फ्लाईओवर 40 करोड़ से बना था जिसका 2017 में गाजे बाजे के साथ उद्घाटन किया गया था। सेलियों ने इस पुल के फोटो डाल डाल कर व्हाट्सएप और फेसबुक जाम कर दिया था इसको विकास बता बता कर, और 2021 में इसे बंद करना पड़ा क्योंकि यह अब ड्राइव करने के लिए सुरक्षित नहीं था। अब इस असुरक्षित पूरे पुल को तोड़ दिया जाएगा क्योंकि इसकी मरम्मत तक भी नहीं की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार कागज में इसकी जीवन रेखा 50 वर्ष तक थी। अब इसकी जगह नया पुल बनाने में 130 करोड़ रुपया खर्च आएगा और फिर से उसका उद्घाटन होगा और चैनलों वाले उसे विकास बताएंगे। आप भी कृपया इस देश के गुजरात मॉडल की इस महान विकास गाथा को सभी भक्तजनों के साथ शेयर करके पुण्य प्राप्त करें।



"छोटी सी कमाई और कमरतोड़ महंगाई!
पेट्रोल-डीज़ल और आटे-दाल के भाव में उलझा हुआ ट्रक ड्राइवरों का जीवन।"

- श्री राहुल गांधी



महिला पहलवानो के सम्मान में सेवादल यंग ब्रिगेड सतना के द्वारा जय स्तम्भ चौक से सिटी कोतवाली तक कैण्डल मार्च निकाला गया। न्याय के साथ, कांग्रेस का हाथ



## महंगाई राहत शिविरों के अवलोकन व जनता से बात करने पर फीडबैक आया कि बिजली बिलों में मिलने वाली स्लैबवार छूट में थोड़ा बदलाव किया जाए.

☆ मई महीने में बिजली बिलों में आए फ्यूल सरचार्ज को लेकर भी जनता से फीडबैक मिला जिसके आधार पर बड़ा फैसला किया है.

☆ 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली उपभोग वालों का बिजली बिल शून्य होगा. उन्हें पूर्ववत कोई बिल नहीं देना होगा.

☆ 100 यूनिट प्रतिमाह से ज्यादा उपभोग करने वाले वर्ग के परिवारों को भी पहले 100 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी यानी कितना भी बिल क्यों ना आए, पहले 100 यूनिट का कोई भी विद्युत शुल्क नहीं देना होगा.

☆ खासकर मध्यम वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए 200 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को पहले 100 यूनिट बिजली फ्री के साथ 200 यूनिट तक के स्थायी शुल्क, फ्यूल सरचार्ज एवं तमाम अन्य शुल्क माफ होंगे एवं इनका भुगतान राज्य सरकार करेगी.

# महंगाई से राहत देने में मुख्यमंत्री जी कोई कसर नहीं छोड़ रहे है - डॉ गरासिया

## :-गोगुंदा उपखंड की पुनावली ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ शिविर:-

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण





महंगाई राहत कैम्प में योजनाओं का लाभ पाकर हर आशार्थी सरकार के इस अभियान का सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत का आभार जता रहा है। जिले के सायरा पंचायत समिति के पुनावली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर आमजन के लिए सौगातों भरा रहा। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल जी गरासिया साहब ने दस्तावेजों के साथ आए सैंकड़ों ग्रामीणों को एक साथ कई योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी तो ग्रामीण बहुत खुश हुए डॉ गरासिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमारे लिए बहुत सुकूनभरा कार्यक्रम चलाया है इसके लिए मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत आभार करना चाहिए। उन्होंने योजनाओं के मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड सौंपकर बधाई दी।

इस दौरान कई परिवार को मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फुड पैकेट, मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना घरेलु, मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना कृषि, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुघर्टना बीमा योजना, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना के लिए गारंटी कार्ड दिए। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल जी गरासिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह जी राजपूत, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश जी पालीवाल, पुनावली सरपंच मोहन लाल जी गमेती एवम ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड पंचगण सहित अधिकारी उपस्थित रहे।




**शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए नियम होते हैं।**

**इन नियमों से पता चलता था कि विदेशी निवेशकों के पीछे का असली/मुख्य निवेशक कौन है? लेकिन 31 दिसंबर, 2018 को इन नियमों को कमजोर किया गया, फिर 21 अगस्त 2019 को नियमों को हटा दिया गया।**

**: Jairam Ramesh जी**




**कॉंग्रेस भवन बेगूसराय में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार प्रदेश युबा कॉंग्रेस के अध्यक्ष शिवप्रकाश गरीब दास को चादर ओढ़ाकर सम्मानित करते पूर्व जिला सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी**




**आपकी राजस्थान सरकार का बड़ा ऐलान!**
**- अब प्रदेश में हर घर में हर महीने 100 यूनिट बिजली फ्री।**

**जनता से सरोकार, जनता की सरकार 💯**

# दिवंगत पूर्व विधायक कुंवर सिंह नेगी गांधीवादी विचारधारा के ध्वजवाहक थे- राकेश राणा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

सरल स्वभाव व मृदु भाषी होने के कारण जनता के बीच खासे लोक प्रिय थे पूर्व विधायक

अविभाजित उत्तर प्रदेश में बद्री केदार विधानसभा के पूर्व विधायक एवं गढ़वाल के प्रभावशाली नेताओं में शुमार पूर्व विधायक कुंवर सिंह नेगी के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस जनों ने गहरा शोक व्यक्त किया ।


जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि पूर्व विधायक कुंवर सिंह नेगी कांग्रेस के मजबूत नेताओं में शुमार थे व अपने सरल स्वभाव के लिए कांग्रेस व जनता के बीच लोकप्रिय थे। उन्होने सभी दलों के लोगों के साथ मधुर संबंध रखे जिस कारण वे सभी के बीच एक अलग से पहचान रखते थे ।उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में गढ़वाल क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को जीवित रखने के लिए संघर्ष किया तथा कांग्रेस के लिए गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव भी लड़ा और पार्टी को जनता के बीच निरंतर बनाए रखे।साथ ही उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन एक कुशल ईमानदार और मृदुभाषी व्यक्तित्व के रूप में समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व सदैव कांग्रेस जनों के साथ साथ आम जनमानस को अविस्मरणीय और प्रेरणा श्रोत रहेगा ।दुख की इस घड़ी में हम सभी कांग्रेस जन स्वर्गीय पूर्व विधायक के परिजनों के साथ है तथा उनके



आकस्मिक निधन से पूरा कांग्रेस परिवार स्तब्ध है।

शोक व्यक्त करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा पूर्व जिला अध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट सूरज राणा प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला नरेंद्र राणा नरेंद्र चंद रमोला सैयद मुश्रफ अली विक्रम सिंह पवार कुलदीप सिंह पवार देवेंद्र नौटियाल महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत अनीता रावत सीमा खरोला सुमना रमोला साहब सिंह सजवान एडवोकेट जयवीर सिंह रावत सोहन सिंह रावत ज्योति प्रसाद भट्ट श्रीमती बीना सजवान बलवीर कोहली मूर्तजा वेग नवीन सेमवाल अधिक अंग्रेजन मौजूद थे








# विश्व दुग्ध दिवस

आजादी के पहले की बात है। अंग्रेजी हुकूमत थी। गुजरात के दूध उत्पादक किसानों को सही दाम नहीं मिल रहा था। दूध के व्यापार पर निजी कंपनी का एकाधिकार था। किसानों का मुनाफा बिचौलिये खा रहे थे। कुछ किसान इस मामले को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल के पास पहुंचे। सरदार पटेल जी ने किसानों को सहकारी समिति बनाकर खुद दूध बेचने की सलाह दी।

लंबे आंदोलन के बाद अंग्रेजी सरकार ने सहकारी समिति के माध्यम से दूध बेचने की मांग स्वीकार कर ली। 14 दिसंबर, 1946 को कैरा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड (**KDCMPUL**) नाम की सहकारी समिति की शुरुआत हुई। कुछ समय बाद डॉ वर्गीज कुरियन भी इस समिति से जुड़ गए। आजादी के बाद इस समिति ने अपनी डेयरी शुरू की। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने इसकी आधारशिला रखी और 31 अक्टूबर 1956 को सरदार पटेल की जयंती के मौके पर पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने इसका उद्‌घाटन किया। डॉ कुरियन ने **KDCMPUL** का नाम बदलकर अमूल किया। इसका कारोबार धीरे-धीरे पूरे गुजरात में फैल गया। प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी इस मॉडल से बड़े प्रभावित हुए। उन्होंने इसे पूरे देश में लागू करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) का गठन किया और डॉ कुरियन को इसका अध्यक्ष बनाया। जुलाई 1970 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने 'ऑपरेशन फ्लड' की शुरुआत की, जिसे श्वेत क्रांति के नाम से जानते हैं। श्वेत क्रांति दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी डेवलमेंट प्रोग्राम था। देश के करोड़ों किसानों की मेहनत से कुछ ही बरस में भारत दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बन गया। 1990 के दशक में इस क्रांति ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना दिया।

भारत की आजादी और इसके निर्माण की गाथाएं हमें गर्व से भर देती हैं। आप सभी को विश्व दुग्ध दिवस की शुभकामनाएं।





# बेगूसराय काँग्रेस संगठन दुरुस्त करने की जिम्मेदारी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

हमें पार्टी ने बेगूसराय काँग्रेस संगठन दुरुस्त करने की जिम्मेदारी दी है जिसका असर आगामी 15-20 दिनों में देखने को मिलेगी। आगामी लोकसभा,विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का उम्दा प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

बेगूसराय जिला कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के जनप्रिय नेता अभय कुमार सिंह साररजन ने कांग्रेस भवन में आयोजित अभिनंदन स्मसरोह को सम्बोधित करते हुए कही।

जिला के कांग्रेस जनों द्वारा किया गया इस अभिनंदन समारोह के आयोजन समिति के संयोजक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश डेलीगेट रामविलास सिंह एवं मंच संचालन कांग्रेस नेता सुबोध कुमार ने किया।

बेगूसराय जिले से हजारों की संख्या में आए हुए कांग्रेस जनों ने अभय कुमार सिंह सारजन को जिला अध्यक्ष निर्वाचित करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कांग्रेसी नेत्री श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी बिहार कांग्रेस के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भक्त चरण दास जी एवं बिहार कांग्रेस के दमदार मजबूत अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस भवन में उपस्थित कांग्रेसियों के जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि बेगूसराय जिला में कांग्रेस पार्टी पुनः मजबूती के साथ राजनीतिक मैदान में उतरेगी और संगठन को धारदार बनाएगी।

इसी कड़ी में आज कांग्रेस जनों ने बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंड से आकर के कांग्रेस भवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का अभिनंदन और स्वागत बुके,माला और चादर देकर किया।

इस कार्यक्रम में अभिनंदन पत्र जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव कांग्रेस नेता रणजीत कुमार मुखिया जी ने पढ़कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सारजन को समर्पित किया।

बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी जनों ने कार्यक्रम में शिरकत कर स्वागत और अभिनंदन किया।

गाँधी आश्रम से काफिला के साथ चलकर, भीमराव अमबेदकर एवम डॉ श्रीकृष्ण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचकर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष कक्ष में जाकर पदभार ग्रहण किया।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर कार्यकर्त्ताओं में जोश भरा गया।

इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस के युवा अध्यक्ष कांग्रेस के जनप्रिय नेता शिवप्रकाश गरीबदास ने कहा एक तरफ मजबूत स्तंभ डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह तो दूसरी तरफ बेगूसराय काँग्रेस के मजबूत आधार स्तंभ बड़े भाई अभय कुमार सिंह सारजन के नेत्ररत्व में हम लोकसभा एवम विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत सफलता हासिल करेंगे।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के सम्मानित नेता अमरेंद्र कुमार सिंह शशि शेखर राय, ने सारजन सिंह को बधाई देते हुए कहा आज से काँग्रेस भवन में कार्यकर्त्ता की बात सुनी जाएगी।

वरिष्ठ नेता मुरलीधर मुरारी ने कहा अखिलेश बाबू के साथ कदम ताल मिलाते हुए सारजन सिंह पार्टी कर मजबूती के लिए कुछ भी कर गुजरेंगे।

सभा को नारायण सिंह,नगर कांग्रेस के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस,लखन पासवान मो.मतीन युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश डेलीगेट संजय कुमार सिंह,शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार डॉ रजनीश कुमार, राहुल कुमार,मिथिलेश झा, रत्नेश कुमार टुल्लू, श्रीकांत राय,पूर्व उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, शिव शंकर पोद्दार,बद्री सिंह, बलिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश कुमार, श्याम किशोर राय, ललन कुमार, कमलेश कंचन,विक्रम कुमार, पवन कुमार, स्वप्निल सोनू,डॉ सुरेंद्र कुमार,मदन मोहन सिंह, मीडिया सेल के मोहित कुमार,अशोक सिंह, राजीव कुमार,महेश सिंह,सुखदेव साह,बाल्मीकि सिंह,अंजनी सिंह, ब्रजकिशोर सिंह,युबा नेता आलोक आनन्द,रतन कुमार,सेवा दल के जेपी गुप्ता,आमोद कुमार,रामकुमार राय, सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष,सभी सेल के अध्यक्ष गण भिन्न-भिन्न कोने से सैकड़ों की संख्या में आये कार्यकर्त्ता ने सारजन सिंह के प्रति आस्था करते हुए लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव में उम्दा प्रदर्शन का संकल्प लिया।




## भाजपा हर योजना में 85% कमीशन खाने वाली दुनिया की पहली पार्टी बनी

-उक्त बातें बेगूसराय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुरलीधर मुरारी जी कांग्रेस भवन में आयोजित नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सारजन के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल से देशवासियों की सेवा के बजाय उन्हें फूटी कौड़ी के लिए तरसाया गया।

सुशासन के नाम पर जंगलराज भाजपा शासित राज्यों में कायम रहा।

गरीब कल्याण के आड़ में भाजपाइयों ने पार्टी कार्यकर्ता को मजबूती प्रदान किया।

केंद्र प्रायोजित हरेक योजना में 50% कमीशन और कार्यकर्ता को सरकारी खजाने की राशि से लुभाने का प्रयास लगातार करता रहा।

भाजपा की नीति रही है गरीबी हटाओ की आड़ में गरीबों को तरसाओ जब-जब चुनाव का बिगुल बजे तब- तब नमक रोटी दाल परोसने का काम करो।

और सरकारी योजना का बंदरबांट करो यही नीति देशवासियों के साथ छलावा के साथ जारी रखा है।

जो निंदनीय है........ मुरलीधर मुरारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता








# नरेंद्र मोदी जी के राज्य मे भाजपा के नेताओ को छूट

नरेंद्र मोदी जी के राज्य मे भाजपा के नेताओ को छुट मिली हुई है कुछ भी कर ले लेकिन जेल नही होगी यह साबित हो चुका है चाहे हाथरस की घटना हो उनाव की या फिर महिला खिलाडीयो की किसी को इन्साफ नही मिल पाता है क्योकि दोषी भाजपा का नेता है देश मे अब महिला सुरक्षित नही है भाजपा के नेताओ से जो महिला खिलाडी भारत के लिए कई मेडल लेकर आई देश का गौरव और शान बढाई उसे दो महीने अपने न्याय के लिए आंदोलन करना पड़ा उसके वाबजूद भी इन्साफ नही मिल पा रही है तो साबित होता है की वीजेपी के नेता कुछ भी करे उसे सज्जा नही मिल सकती इस से साफ जाहिर होता है की देश मे हिटलर शाही की सरकार चल रही है

# कांग्रेस की सात गारंटी योजना तथा राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबराई मोदी सरकार, भाजपा, आर एस एस के लोग अनर्गल बयानबाजी कर रहे है

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

देश के प्रधानमंत्री सहित कई मंत्रीगण, भाजपा, आर एस एस के नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के जनउपयोगी सात गारंटी योजना तथा राहुल गांधी जी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर अनर्गल बयानबाजी कर आमजन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, राहुल चंद्रवंशी धरनाई, रूपेश चौधरी, अशोक राम, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, मो मुजम्मिल , अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील कुमार राम, सकलदेव यादव, आदि ने कहा की कल राजाथान में प्रधानमंत्री जी द्वारा कांग्रेस पार्टी के सात गारंटी योजना को जनता के साथ विश्वासघात बताने, कांग्रेस के 40 वर्ष पुरानी गरीबी हटाओ योजना को गलत बताने आदि बाते उनकी बौखलाहट एवम् घबराहट की निशानी है।

नेताओ ने कहा की देश के साहसी, सजग, संघर्षशील, जनप्रिय, ईमानदार, लोकप्रिय विपक्ष की आवाज तथा सम्पूर्ण देश में मोदी सरकार की विफलताओं एवम् गलत नीतियों का विरोध करने वाले कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी की अमरीका यात्रा में जुट रहे भारी भीड़ से मोदी सरकार, भाजपा, आर एस एस के लोग, उनके द्वारा विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दिए जा रहे



भाषणों को तोड़, मरोड़ कर पेश कर तरह, तरह की भ्रामक प्रचार कर रहे हैं।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी की सात गारंटी योजना जिसमे 200 यूनिट बिजली फ्री, प्रत्येक घर के महिला प्रमुख को 2000 ₹ महीना, बी पी एल परिवार के सदस्य को 10 किलो चावल, बेरोजगार ग्रेजुएट युवाओं को 3000₹ प्रति महीना, बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1500₹ प्रति महीना, माताओं, बहनों को बस में सफर फ्री, तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करना समय की मांग है, जिसे कर्नाटक के बाद कांग्रेस पार्टी संपूर्ण भारत में इस सात गारंटी को हर हाल में लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व एवम् दिशानिर्देशन में देश का सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर अगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है।

भवदीय

विजय कुमार मिठू




# भाजपा की ध्रुवीकरण की राजनीति कब तक

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भाजपा अपने समर्थक संगठनों के विशाल नेटवर्क और सरकार के आगे नतमस्तक मीडिया के जरिए उस एजेंडे को प्रोत्साहन दे रही है जिसमें लोगों की समस्याओं के लिए कोई जगह नहीं है. लक्ष्य केवल यह है कि आमजनों को धार्मिक और भावनात्मक मुद्दों में उलझाए रखा जाए.भारत की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत की समृद्धि उसकी विविधता में निहित है. अनेक कवियों और लेखकों ने बताया है कि किस प्रकार दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से विभिन्न संस्कृतियों और नस्लों के लोगों के कारवां इस भूमि पर पहुंचे और उन्होंने मिलजुलकर भारत रूपी बहुरंगी फूलों के गुलदस्ते का निर्माण किया. लोगों के एक साथ जुड़ने की इस प्रक्रिया का चरम बिंदु था स्वाधीनता संग्राम जब विविध धर्मों, जातियों और अलग-अलग भाषाएं बोलने वालों ने कंधे से कंधा



मिलाकर भारत को विदेशी शासन से मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया. जिस दौरान देश में परस्पर प्रेम और सद्भाव बढ़ रहा था उसी समय कुछ ऐसी शक्तियां भी उभरीं जिनकी सोच संकीर्ण और साम्प्रदायिक थी और जिन्होंने इस प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया भाजपा ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा देती जा रही है

भाजपा हर चुनाव में वही किया है जो वह बरसों से करती आई है - अर्थात हर चीज को धर्म से जोड़ो, हर मुद्दे को भावनात्मक बना दो और अलग-अलग धर्मों के लोगों में ज्यादा से ज्यादा गलतफहमियां पैदा करो.

भाजपा अपने समर्थक संगठनों के विशाल नेटवर्क और सरकार के आगे नतमस्तक मीडिया के जरिए उस एजेंडे को प्रोत्साहन दे रही है जिसमें लोगों की समस्याओं के लिए कोई जगह नहीं है. लक्ष्य केवल यह है कि आमजनों को धार्मिक और भावनात्मक मुद्दों में उलझाए रखा जाए।

भारत की सांझा संस्कृति पर चौतरफा हमले हो रहे हैं. आम लोगों की जिंदगी दूभर होती जा रही है परंतु उनकी समस्याओं से ध्यान हटाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. प्रजातंत्र में लोगों की समस्याएं सर्वोपरि होनी चाहिए. हमें एक सच्चे प्रजातंत्र के निर्माण के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए.


अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल
तीन दिवसीय पटना प्रमंडल प्रशिक्षण शिविर
दिनांक 3 जून से 5 जून 2023
उद्घाटनकर्ता - डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह
सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी, पटना
स्थान :- सदाकत आश्रम
समय :- 11:00 बजे दिन
निवेदक -
डॉ. संजय कुमार
का. मुख्य संगठक
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10
Creation 7463096991